पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून मंगलवार 4 अगस्त 2020



पुलिसकर्मी को राखी पहनाते हुए।



## संक्षिप्त समाचार

### रक्षाबंधन के दिन देवीधुरा में सांकेतिक बगवाल खेली गई

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना संक्रमण के बीच रक्षाबंधन के दिन देवीधुरा में सांकेतिक बगवाल खेली गई। यह बगवाल केवल पांच मिनट के लिए खेली गई। इस सांकेतिक बगवाल में केवल 45 लोगों को ही मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई। कोरोना की बगवाल की रस्म निभाने के लिए भी सिर्फ 45 लोगों को मंदिर परिसर में प्रवेश की अनुमति मिली। चारों खाम के मुखियाओं ने मां दिगंबरा शक्ति के पूजन के लिए कोट भैसर्क के गुरु के आदेश पर भूपाल सिंह बिष्ट से मां बाराही की पूजा के लिए गोदान कराया। वैष्णवी शक्ति गुफा में विराजमान मां बाराही और दिगंबरा शक्ति का पूजा–अर्चना की गई।

### दून मेडिकल अस्पताल में कोरोना संक्रमित एक और महिला की मौत

**संवाददाता** देहरादून। राजकीय दून मेडिकल अस्पताल में कोरोना संक्रमित एक और महिला की मौत हो गई। महिला के शव को फिलहाल मोर्चरी में रखा गया है। कोविड की गाइडलाइन के अनुसार, शव को परिजनों को सौंपकर सुपर्द खाक किया जाएगा। अकेले दून अस्पताल में ही 10 दिन में कोरोना से संक्रमित सात लोगों की मौत हो चुकी है। ज्वालापुर (हरिद्वार) निवासी 55 वर्षीय महिला को परिजनों ने 28 जुलाई की रात राजकीय दून मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था।

### क्वारंटीन एक युवती ने की आत्महत्या की कोशिश

**संवाददाता** देहरादून । नैनीताल नगर के सूखाताल स्थित क्वारंटीन सेंटर में बीते कुछ दिनों से क्वारंटीन एक युवती ने सोमवार को आत्महत्या की कोशिश की। युवती ने गिलास तोड़कर नुकीले कांच से कलाई काट ली। इससे केंद्र में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद युवती की हालत में सुधार है। पुलिस के अनुसार, शनिवार को सूखाताल स्थित बंगाली कॉलोनी में एक परिवार के चार लोगों को सूखाताल टीआरसी में क्वारंटीन किया था। परिवार की 23 वर्षीय युवती सोमवार को फोन पर अपने प्रेमी से बात कर रही थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई।

### डा. रविंद्र सिंह बिष्ट चुने गए कोरोना वॉरियर

**संवाददाता** देहरादून। लॉकडाउन अवधि में शासकीय विभागों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यों के दृष्टिगत आज के कोरोना वॉरियर शासकीय विभाग से डॉ. रविन्द्र सिंह बिष्ट उप चिकित्सा अधीक्षक दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय चुने गए। वे कोविड–19, के अन्तर्गत दिये गये दायित्वों का कुशलपूर्वक निवर्हन कर रहे हैं।

# स्पीकर ने पांच लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता के चेक बांटे

**भेंट**

■ विवेकाधीन कोष का वितरण समाज के उपेक्षित, वंचित, गरीब जरूरतमंदों को किया जाता है: स्पीकर

**संवाददाता**

ऋषिकेश। रक्षाबंधन के पर्व पर आज विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल ने बैराज रोड स्थित कैंप कार्यालय पर 103 महिलाओं सहित जरूरतमंदों को विधानसभा अध्यक्ष विवेकाधीन कोष से पाच लाख 15 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के चेक भेंट किए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने रक्षा बंधन पर्व की सभी को शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। अग्रवाल ने कहा कि यह त्योहार जिसमें बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई उस बहन की रक्षा का वादा करता है। राखी का यह पर्व भारतीय संस्कृति में पारिवारिक मूल्यों और सामाजिक सम्बंधों की प्रगाढ़ता के महत्त्व को रेखांकित करता है।




स्पीकर प्रेमचंद अग्रवाल रक्षाबंधन पर जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता के चेक प्रदान करते हुए।

इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष विवेकाधीन कोष का वितरण समाज के उपेक्षित, वंचित, गरीब जरूरतमंदों को किया जाता है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक कोरोना महामारी के कारण हुए लॉकडाउन में लोगों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। ऐसे में प्रत्येक जरूरतमंद महिला को 5000 रुपये की यह सहायता कुछ राहत जरूर दिला सकती है। उन्होंने कहा है कि यह सरकार की कोई योजना नहीं है बल्कि एक तात्कालिक राहत के लिए इस राशि का वितरण किया जाता है।

अग्रवाल ने कहा है कि न केवल ऋषिकेश विधानसभा बल्कि संपूर्ण प्रदेश में विधायकों के माध्यम से इस राशि का वितरण जरूरतमंदों को किया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला परिवार प्रबोधन प्रमुख राकेश शर्मा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष गणेश रावत, प्रधान दीपा राणा ,पार्षद शिव कुमार गौतम, दिनेश बिष्ट शिवानी भट्ट, राजेश जुगलान, पार्षद विकास तेवतिया, अशोक पासवान, शौकत अली आदि लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन रवि शर्मा ने किया।

### रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

देहरादून। दून में रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाई ने भी अपनी बहनों को रक्षा का वचन दिया। साथ ही सामर्थ्य के अनुसार उपहार भी दिया। यह सिलसिला सुबह शुरू हुआ और देर शाम तक जारी रहा। रक्षाबंधन को लेकर बाजार में रौनक नजर आई। राखियों की दुकान में बहनें भाइयों के लिए राखी लेती रही। मिठाई की दुकानों पर भी खासी भीड़ रही। महिलाओं ने तरह–तरह की मिठाई भी खरीदी।

### दून जिले में सोमवार को 23 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटिव निकली

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ0 आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि जनपद में कोरोना वायरस संक्रमण के दृष्टिगत प्राप्त हुई रिपोर्ट में 23 व्यक्तियों की रिपोर्ट पॉजिटिव प्राप्त हुई है तथा वर्तमान में जनपद में 472 व्यक्ति कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत उपचाररत् हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में आज कुल 236 व्यक्तियों के सैम्पल लिये गये। आशा कार्यकर्तियों द्वारा जनपद देहरादून अन्तर्गत बनाये गये विभिन्न कन्टेनमेंट जोन में व्यक्तियों की सामुदायिक निगरानी का कार्य किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत आतिथि तक 1838 व्यक्तियों का फॉलोअप किया जा चुका है। अन्य राज्यों से जनपद में पंहुचे कुल 530 व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत क्वारेंटीन किया गया। कोविड–19 संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु समस्त मेडिकल स्टोर पर बिना चिकित्सक के परामर्श की पर्ची के सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाईयों का विक्रय प्रतिबन्धित किये जाने के उपरान्त समस्त मेडिकल स्टोर स्वामियों द्वारा जनपद में कुल 59 व्यक्तियों को चिकित्सकीय पर्ची के आधार पर सर्दी, खांसी व जुकाम की दवाईयां विक्रय की गयी।

# भाजपा 5 अगस्त को दीपमाला प्रकाशित कर उत्सव मनाएगी

**उत्सव**

■ 5 अगस्त का दिन भारत के इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ होगा: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

देहरादून। **संवाददाता**

भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड द्वारा राज्य में श्री राम जन्म भूमि पूजन पर 5 अगस्त को प्रदेश में दीपमाला प्रकाशित कर उत्सव मनाया जाएगा। इस दिन पूरे प्रदेश में सामाजिक दूरी का ध्यान रखते भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के प्रदेश व जिला आदि कार्यालयों व अपने घरों पर दीपक जलाए जाएँगे। इस हेतु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ जन सामान्य से भी दीपमाला प्रकाशित करने का आग्रह किया है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक बंशी धर भगत ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि 5 अगस्त का दिन भारत के इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ होगा जब प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या में भगवान राम की जन्म स्थली पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे।इस बारे में उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व जन सामान्य से आग्रह किया है कि वे प्रातः प्रधानमंत्री द्वारा भूमि पूजन व शिलान्यास कार्यक्रम के दूरदर्शन पर होने वाले लाइव टेलिकास्ट को देखें। साथ ही उन्होंने सभी से यह भी अनुरोध किया है कि वे साँय अपने आवास पर दीप माला प्रकाशित करें। भाजपा कार्यकर्ताओं से अपेक्षा की गई है कि सामाजिक दूरी को ध्यान में रखते हुए वे प्रदेश, जिला स्तर पर भाजपा कार्यालयों पर दीप माला का प्रकाश करें और अपने घरों में भी दीपक जला कर इस महा उत्सव के भागीदार बनें। भगत ने कहा कि इसी क्रम में भाजपा प्रदेश कार्यालय देहरादून व संभाग कार्यालय हल्द्वानी में भी दीपमाला प्रकाशित की जाएगी। भगत ने पत्रकारों के प्रश्नों के उत्तर में कहा कि रावत को किसी न किसी प्रकार मीडिया में दिखने का मीनिया है और इसके लिए वे अक्सर कुछ न कुछ करते रहते हैं चाहे उसका कोई भी औचित्य न हो।

### मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री से बात हुई है

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री से बात हुई है और मुख्यमंत्री ने स्वयं कहा है कि कोरोना के नियंत्रण में आते ही यह कार्य कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी मंत्रीमंडल विस्तार पर निर्णय हो गया था पर कोरोना के कारण मामला लम्बित हो गया।

### राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या 7800 पहुंची

**संवाददाता** देहरादून। राज्य में सोमवार को कोरोना संक्रमण के 207 नए मामले सामने आए। इसके बाद अब राज्य में कोरोना संक्रमित मामलों की संख्या 7800 हो चुकी है। वर्तमान में राज्य में 3134 केस एक्टिव हैं। 4538 मरीज ठीक हो चुके हैं। सोमवार को उत्तराखंड के 101 मरीज ठीक हुए हैं। वहीं चार कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हुई। सोमवार को अल्मोड़ा व उत्तरकाशी में पांच, चंपावत में दो, रुद्रप्रयाग, टिहरी व ऊध ामसिंह नगर में एक, देहरादून में 38, हरिद्वार में 101, नैनीताल में 47 और पौड़ी में छह नए मामले सामने आए हैं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए प्रदेश के पांच जिलों में 330 इलाकों को पाबंद किया गया है। विगत एक माह में कंटेनमेंट जोन की संख्या 93 से बढ़कर 330 पहुंच गई है। कुल कंटेनमेंट जोन में से हरिद्वार जिले में सबसे अधिक 301 इलाकों को पाबंद किया गया।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।